## सार-समाचार

### कुश्ती दंगल में दिखाया दमखम

**श्रीमहावीरजी,** (निसं)। ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के साथ वार्षिक मेले का समापन। पहलवानों ने दिखाया कुश्ती दंगल में दमखम, श्रीमहावीरजी श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में 27 मार्च से चल रहे भगवान महावीर के वार्षिक मेले का शुक्रवार को ठाामीण खेल और कुश्ती दंगल के साथ समापन हुआ। गंभीर नदी के तट पर विशाल कुश्ती दंगल आयोजित हुआ जिसमें प्रदेश से आए पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। मंदिर कमेटी के व्यवस्थापक ने बताया कि आठ दिवसीय भगवान महावीर स्वामी के वार्षिक मेले का सफलता के साथ समापन हुआ।आठ दिवसीय वार्षिक मेले मे अंतिम दिन कुश्ती दंगल आयोजित हुआ जिसमे प्रदेश भर आये दर्जनो पहलवानों ने दमखम दिखाया। दंगल में सैकड़ो कुश्ती मुकाबले आयोजित हुए। जिनमे क्षेत्रीय युवा पहलवानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कुश्ती दंगल की आखिरी कुश्ती बराबरी पर छुटी।आखिरी कुस्ती के पहलवानों को स्थानीय पंच पटेलों सहित प्रबधंन कारिणी के पदाधिकारियों ने 3100 रुपए इनाम देकर सम्मानित किया। दंगल में मैच रेफ़री श्री पटेल, हरचरण पटेल, टॉमी सहित अनुशासन मंडल के सदस्यों ने अनुशासन और नियमों से कुश्ती दंगल को आयोजित करवाने में सहयोग किया क्षेत्र के हजारों दर्शको ने कुश्ती के रोमांच का आनंद उठाया इस मौके पर थानाधिकारी गिर्राज प्रसाद, मंदिर समिति प्रबंधक नेमी कुमार पाटनी, प्रशासनिक कर्नल विष्णु सिंह सिकरवार, विकास पाटनी, साहब सिंह गुर्जर, मोहर सिंह गुर्जर, कर्मचारी सहित गाँव के सभी पंच पटेल उपस्थित थे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर लगाया छप्पन भोग

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। उदेई मोड़ मनोरथ सिद्ध हनुमान मंदिर से विधि विधान पूजा अर्चना कर बालाजी महाराज के चित्र को रथ पर सुशोभित कर टोकसी खेड़ा वाले बालाजी धाम पदयात्रा शाम 5 बजे गाजे बाजे के साथ बालाजी महाराज की जयकारे लगाते हुए रवाना हुई। पदयात्रा मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर अल्पाहार आइसक्रीम व ठंडाई पिलाकर स्वागत किया। इससे पूर्व हनुमान जन्मोत्सव पर प्रात: 9 बजे खेड़ा वाले बालाजी महाराज का विद्वान पंडितो द्वारा मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक कराया। हवन यज्ञ कराकर मंदिर परिसर को फूलों और बैलून से सजाया गया। चौला चढ़ाकर श्रृंगार कर 51 किलो मोदकों के साथ छप्पन भोग लगाया। शाम 6.30 बजे गंगापुर सिटी से चलकर बालाजी धाम पदयात्रा पहुंचने पर रथ पर विराजमान बालाजी महाराज की आरती करके पद यात्रियों का ठंडाई व पेयजल से स्वागत किया। सैकड़ो यात्रियों के जयकारों से बालाजी मंदिर परिसर भक्तिमय होकर गूंज उठा महा आरती के साथ सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन संध्या का सभी भक्तगणों ने आनंद लिया। इस दौरान आयोजित भंडारे में भक्तो ने छक कर पंगत पर प्रसादी पाई। इस दौरान सुरेश चंद शर्मा अध्यापक, अशोक गुरु, वेद प्रकाश मंगल, गोपाल लाल, द्वारका प्रसाद, सोनू सोनी, देवी चरण गर्ग, मुरली आदि सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं को संभाला।

### समग्र शिक्षक संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

**करौली,** (निसं)। राजस्थान समग्र शिक्षक संघ ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ उदयसिंह डिगार एवं महामंत्री हरिश्चंद्र प्रजापति के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को अलग-अलग पत्र प्रेषित कर प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग में अवकाश में कटौतियां करने का कड़ा विरोध जताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। करौली के जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार जिला मंत्री मदन मोहन तिवारी जिला संरक्षक प्रहलाद मीणा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश जिला उपाध्यक्ष शंभूसिंह राजपूत इमराज डडेला पुरुषोत्तम घनश्याम ब्लॉक उपशाखा हिंडौन से उमेश सिंह डागुर अमर सिंह मीणा, करौली से बाबूलाल राममूर्ति शर्मा, सपोटरा से हंसराज एकट देवी सिंह बैरवा मंडरायल से नंदकुमार नंदवानिया, मासलपुर से प्रेम सिंह ने बताया कि प्रदेश में विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं अध्यापकों के जॉब चार्ट के अनुक्रम में अवकाश कटौती में वृद्धि किया जाना कतई उचित नहीं है। राजस्थान समग्र शिक्षक संघ अवकाश कटौती वापस लेने के लिए एवं शिविरा पंचांग में संशोधन करवाने के लिए प्रदेश भर में आंदोलन करेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत अध्यापकों के ग्रीष्म अवकाश एवं शीतकालीन अवकाश में कटौती करने का प्रस्ताव किया गया है, जिसको लेकर शिक्षकों में भारी रोष होने से राजस्थान समग्र शिक्षक संघ प्रदेश भर में आंदोलन के लिए विवश होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अन्य कार्मिकों के पांच दिवस का सप्ताह होता है, जबकि अध्यापकों के छ: कार्य दिवस का सप्ताह होता है। अन्य कार्मिकों को वार्षिक 30 उपार्जित अवकाश दिए जाते हैं, जबकि अध्यापकों को केवल मात्र 15 उपार्जित अवकाश ही दिए जाते हैं, जो न्यायोचित नहीं है। प्रधानाध्यापक को एक वर्ष में सत्र में दो अवकाश घोषित करने का प्रावधान था, उसमें भी कटौती कर दो के स्थान पर एक अवकाश घोषित करना प्रस्तावित किया गया है यह भी कतई उचित नहीं है।

### पैंथर का मूवमेंट, ग्रामीणों में भय

**भुसावर/भरतपुर, ( निसं )।** गांव महाराजपुरा के पहाड़ी इलाके में पैंथर के मूवमेंट से ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है। जानकारी के अनुसार देर रात पैंथर ने एक बकरी तथा एक श्वान का शिकार कर लिया। ठाामीणों ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र में पैंथर को स्पष्ट रूप से देखा गया। जिसके बाद तुरंत वन विभाग एवं प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही खेडली मोड वन विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हो गई और क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। ठाामीणों ने प्रशासन से पैंथर को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी जनहानि की आशंका को टाला जा सके।

### गुड फ्राइडे मनाया

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। रेलवे कॉलोनी स्थित सेंट पीटर्स चर्च में ईसाई धर्मावलंबियों ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे मनाया। इस अवसर पर प्रभु यीशु के त्याग और बलिदान को याद किया गया। चर्च में विशेष प्रार्थनाएं आयोजित की गईं। वक्ताओं और धर्मगुरुओं ने प्रभु यीशु के वचनों और बलिदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जीवन में हमेशा क्षमा का भाव रखना चाहिए। यदि कोई मन दुखाए तो भी उसके भले के लिए काम करना चाहिए। धर्मगुरुओं ने बताया कि क्षमा के अभाव में ही घर-परिवार और समाज में मतभेद उत्पन्न होते हैं। जहां क्षमा होती है, वहां प्रेम और शांति का वातावरण बनता है। प्रभु यीशु ने दूसरों के दुख दूर करने के लिए स्वयं कष्ट सहे थे।

# मारपीट में घायल महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

**रूपवास**, (निसं)। गांव सिरसोन्दा में रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर हुई मारपीट के मामले में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और गांव में पुराने अतिक्रमण हटाने की मांग की।

सूचना पर सरकारी उपजिला अस्पताल की मोर्चरी पर सीओ बयाना देवेंद्र सिंह, थानाधिकारी विनोद मीणा तथा तहसीलदार अमित शर्मा भारी पुलिस जाब्ते के साथ पहुंचे और परिजनों को समझाइश दी। इसी दौरान विधायक डॉ. ऋतु बनावत भी अस्पताल पहुंचीं और पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा कड़ी कार्रवाई की मांग की।

थानाधिकारी विनोद मीणा ने बताया कि 23 मार्च को गांव सिरसोन्दा में रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर राजकुमार जाटव और सुशील कुमार कुशवाह पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट व जातिसूचक शब्दों के उपयोग के मामले दर्ज कराए हैं, जिनकी जांच सीओ स्तर पर की जा रही है।मारपीट में मोहनसिंह कुशवाह की पत्नी भूदेवी के सिर में गंभीर चोट लगी थी, जिससे वह कोमा में चली गई थीं। उन्हें उपचार के लिए भरतपुर ले जाया गया, जहां बीती रात उनकी मृत्यु हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया, लेकिन परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी और अतिक्रमण हटाने की मांग पर अड़े रहे तथा पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। बाद में विधायक डॉ. ऋतु बनावत और तहसीलदार अमित शर्मा द्वारा 10 दिन में पैमाइश कर पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने का आश्वासन देने पर परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए।

बीसीएमओ डॉ. लखन चौधरी के निर्देशन में गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शाम को गमगीन माहौल में मृतका का अंतिम संस्कार किया गया। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है तथा क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है।



परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और गांव में पुराने अतिक्रमण हटाने की मांग की।

# शिविर में 31 यूनिट रक्त संग्रहित, उत्साह बढ़ाया

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। लायंस क्लब सार्थक और डीएस साइंस अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 31 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

शिविर का शुभारंभ राजकीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजेंद्र गुप्ता, डीएस साइंस इंस्टीट्यूट के प्रभारी अवधेश शर्मा, क्लब अध्यक्ष डॉ. अनिल तोड़वाल, डॉ. राधा मोहन गुप्ता और कार्यक्रम संयोजक विजय गुप्ता ने किया। क्लब सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। मुख्य अतिथि डॉ. विजेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में रक्तदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने के साथ-साथ सामाजिक संवेदनशीलता को भी बढ़ाता है।

डॉ. गुप्ता ने लायंस क्लब सार्थक और डीएस साइंस अकादमी के सेवा कार्यों की सराहना की। संयोजक विजय गुप्ता ने बताया कि शिविर में डीएस साइंस अकादमी के स्टाफ और लायंस क्लब के सदस्यों ने भाग लिया। आयोजन की व्यवस्थाओं में डॉ. समीर विश्वास, राजेश मंगल, संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मुकेश गर्ग, मुकेश गुप्ता, ललित किशोर और नरेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने सहयोग किया। रक्त संग्रहण का कार्य राजकीय ब्लड बैंक, गंगापुर सिटी की टीम ने किया, जिन्हें इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया।

शिविर के शुरुआती चरण में ही 11 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान ग्वालियर से आए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर बाजपेयी, रीजन चेयरपर्सन एडवोकेट विवेक कुमार मीणा और रीजन ब्लड डोनेशन प्रभारी क्षितिज गुप्ता ने भी शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। अंत में, डीएस साइंस इंस्टीट्यूट के अवधेश शर्मा ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मेले का शुभारंभ

**रुदावल/भरतपुर,** (निसं)। प्रतिवर्ष ग्राम पंचायत की ओर से आयोजित होने वाले महावीर मेले का शुक्रवार को ध्वजारोहण एवं शोभायात्रा के साथ शुभारम्भ किया गया। मेले के आयोजन को लेकर कस्बा सहित ग्रामीण अंचल में काफी उत्सुकता है। शुक्रवार कोग्राम पंचायत भवन राजीव गांधी सेवा केन्द्र से हनुमान जी की शोभायात्रा के साथ मेला प्रांगण सीनियर सैकण्ड्री स्कूल पर मेले का ध्वजारोहण के साथ शुभारम्भ किया गया। शोभायात्रा पंचायत भवन से प्रारम्भ होकर पुलिस थाना, पटवार घर, मुख्य बाजार, पहाडपुर रोड, बस स्टेण्ड, रूपवास रोड होते हुए मेला प्रांगण में पहुंची। जहां ध्वजारोहण के साथ मेले का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर सरपंच जसमती कुमरपाल कोली, ग्राम विकास अधिकारी राकेश शर्मा, शिवराम जाटव, सोनू सैन सहित काफी लोग मौजूद रहे। ग्राम विकास अधिकारी राकेश शर्मा व सरपंच (प्रशासक) जसमती कुमरपाल कोली ने बताया कि मेले में 7 अप्रैल से 8 अप्रैल की शाम तक ख्याल दंगल, 8 अप्रैल की शाम 7 बजे से 9 अप्रैल की शाम 5 बजे खुला कीर्तन, 9 अप्रैल की शाम 5 बजे से 10 अप्रैल की शाम तक भजन-जिकडी का आयोजन होगा।

# निजी स्कूलों की विभिन्न समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। स्कूल शिक्षा परिवार संघ गंगापुर सिटी के पदाधिकारियों ने निजी विद्यालयों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) भुगतान, परीक्षा शुल्क और प्रशासनिक दबाव जैसे मुद्दों पर त्वरित एवं न्यायोचित कार्रवाई की मांग की गई।

संघ के जिलाध्यक्ष अनुज शर्मा और ब्लॉक अध्यक्ष नीटू सिंह ने बताया कि आरटीई के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों की पिछले 2 साल से बकाया राशि का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे विद्यालय संचालकों को गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पीपी3, पीपी4 और पीपी5 कक्षाओं के भुगतान को भी शीघ्र जारी करने की मांग की। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि 5वीं बोर्ड परीक्षा के लिए प्रति छात्र 50 रुपए का शुल्क केवल निजी विद्यालयों से लिया जाना असंवैधानिक है और इसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए। इसके अलावा पिछले वर्षों की 5वीं बोर्ड परीक्षा की अंकतालिकाएं उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। संघ ने आरटीई पोर्टल के रखरखाव के नाम पर प्रति छात्र 1000 रुपए की कटौती को बंद करने की मांग की। साथ ही, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा लिए जा रहे 2000 रुपए के वार्षिक संबद्धता शुल्क को भी समाप्त करने की अपील की गई। ज्ञापन सौंपते समय ब्लॉक अध्यक्ष नीटू सिंह, महेंद्र कुमार, इरशाद, गोविंद पाराशर सहित स्कूल शिक्षा परिवार के कई सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।



मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को ज्ञापन सौंपते स्कूल शिक्षा परिवार सदस्य।

## 500 बेड उपलब्ध कराए गए

**भरतपुर,** (निसं)। अपना घर आश्रम में रह रहे प्रभु जनों की सेवा हेतु इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत 500 मेडिकल बेड उपलब्ध कराए गए। इन बेडों को मनोज गुप्ता, कार्यकारी निदेशक द्वारा अपना घर आश्रम को समर्पित किया गया।


**पश्चिम मध्य रेल**

**कैटलॉग नं.:** PnU-Kota-2026-1, **लोट का नाम :** सवाई माधोपुर, झालावाड सिटी, हिंडोन सिटी, रामगंज मंडी, शामगढ़, गंगापुर सिटी, विक्रमगढ़ आलोट, **अनुबंध का प्रकार:** पे एंड यूज टॉयलेट, **ई-नीलामी की तिथि एवं समय :** 20.04.2026 समय 12.00 बजे कैटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (हस्ता.)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**पश्चिम मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना, सिविल इन्जीनियरिंग**

**संख्या-डब्ल्यू/623/15 दिनांक-01.04.2026**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई. निविदा आंमत्रित करते है **टेंडर सख्याँ:** 56/2026, **कार्य का विवरण:** कोटा केचिंग मंकीज एण्ड़ लिविंग देम इन फोरेस्ट एसएसई डब्लयू एन कोटा., **अनुमानित लागत :** 1895670.00, **बयाना राशि:** 37900.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय :** 16.04.2026 को 15.30 घंटे पर, **टेंडर सख्याँ :** 57/2026 आर, **कार्य का विवरण :** बेलेंस वर्क एडीईएन रामगंजमंड़ी सेक्शन :- कोटा डिविजन- इम्प्रूवमेंट ऑफ पेसेंन्जर एमेनिटी एट ड़ाढ़देवी, अलनिया, रावथा रोड़, कंवलपुरा, दरा एण्ड मोरक (06 स्टेशनस)., **अनुमानित लागत:** 14632168.60, **बयाना राशि :** 292700.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय :** 16.04.2026 को 15.30 घंटे पर, **टेंडर सख्याँ:** 58/2026 **आर, कार्य का विवरण :** कोटा डिवीजन :- बैलेंस वर्क ऑफ प्रोविजन ऑफ एस एण्ड टी सर्विस बिल्डिंग-आईपीएस रुमस एण्ड़ बैंटरी रूमस इन लियू ऑफ पोरटा केबिन फोर एन्हैंसिंग्न सेफ्टी इन सिगनलिंग एट विक्रमगढ़ अलोट, इन्दरगढ़ सुमेरगंजमंड़ी, आमली, कुशतला, सवाईमाधोपुर ड़ी, हिंण्डौनसिटी, धौरमुई जघीना एण्ड़ मुरेसी रामपुर (08 न. स्टेशन), **अनुमानित लागत :** 5062371.74, **बयाना राशि:** 101300.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 16.04.2026 को 15.30 घंटे पर, **टेंडर सख्याँ:** 59/2026, **कार्य का विवरण :** प्रोविजन ऑफ बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर अर्थात् गेटमेन ड्यूटी रूम, रोड़ वर्क, लिफ्टिंग बेरियर, फेंनसग एण्ड इन्डीकेटर बोर्ड ईटीसी. इन कनेक्शन विद मेंनिग ऑफ अनमेंन्ड लेवल क्रसिंग ऑन कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन रेलवे साइड़िग बिटविन कोटा "सी" केबिन टू सकतपुरा एण्ड़ गुरला टू तीरथ स्टेशनस अण्डरएडीईएन/सी/कोटा (टोटल 13 न.), **अनुमानित लागत :** 23948390.22, **बयाना राशि:** 479000.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 16.04.2026 को 15.30 घंटे पर, **टेंडर सख्याँ :** 60/2026 आर, **कार्य का विवरण :** डीईएन (ईस्ट) सेक्शन - बैंल्डिंग ऑफ 60 केजी-52 केजी 90 यूटीएस एण्ड आर-260 रेल्स इन-सिटू विद सिंगल शॉट कूसिब्ल फिटेड़ एण्ड़ सप्लाई ऑफ एटी वेल्ड़ पर्पोसनस इन कनेक्शन विद वेरियस सैगंक्शन्ड ट्रेक वर्कस., **अनुमानित लागत :** 5676784.44, **बयाना राशि:** 113500.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 16.04.2026 को 15.30 घंटे पर, **टेंडर सख्याँ:** 61/2026 आर, **कार्य का विवरण:** डीईएन (सेन्ट्रल) कोटा सेक्शन - वैल्डिंग ऑफ 60 केजी-52 केजी 90 यूटीएस एण्ड आर-260 रेल्स इन-सिटू विद सिंगल शॉट कूसिब्ल फिटेड़ एण्ड सप्लाई ऑफ एटी वेल्ड़ पोंसनस इन कनेक्शन विद वेरियस सैगंक्शन्ड ट्रेक वर्कस., **अनुमानित लागत:** 14712367.69, **बयाना राशि:** 294300.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय :** 16.04.2026 को 15.30 घंटे पर, **टेंडर सख्याँ :** 62/2026, कार्य का विवरण : कोटा-चित्तौड़ सेक्शन : कन्सट्रेक्शन ऑफ एस एण्ड टी बिल्ड़िग इन कनेक्शन विद इन्टरलोंकिग ऑफ एलसी न.: 06, 55, 66 (कोटा-चित्तौड) अण्डर दि जूरिस्डिक्शन ऑफ एडीईएन/सी/ कोटा., **अनुमानित लागत :** 12030446.95, **बयाना राशि:** 240600.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय :** 16.04.2026 को 15.30 घंटे पर, टेंडर सख्याँ : 63/2026, **कार्य का विवरण :** कोटा-रूठियाई सेक्शन प्रोविजन ऑफ साइडिंग फसेलिटीज फॉर टीटीएम/आरजीएम साइड़िग इन्क्लूड़िग वेरियस रिकाब्अर्ड फेसिलिटीज एट डिफरेन्ट स्टेशनस., **अनुमानित लागत:** 5656228.04, **बयाना राशि :** 113100.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 20.04.2026 को 15.30 घंटे पर, **टेंडर सख्याँ:** 64/2026, **कार्य का विवरण :** कन्स्ट्रक्शन ऑफ आउट पोस्ट ऑफिस एण्ड़ 15 बेड़ड़ बैरेक बिल्डिग (10 बेड मेल एण्ड 05 बेड फिमेल) विद फर्नीचर ईटीसी एट झालावाड़ सिटी., **अनुमानित लागत :** 10614268.85, **बयाना राशि :** 212300.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 20.04.2026 को 15.30 घंटे पर, **टेंडर सख्याँ :** 65/2026 **आर, कार्य का विवरण:** गंगापुरसिटी- मथुरा सेक्शन-बेंलिग आउट ऑफ वाटर/मड़ फ्रॉम एलएचएस इन लियू ऑफ एल सी नं. 194, 195, 204, 208X, 209, 210, 218 एण्ड एलएचएस नियर "बी" केबिन (बयाना) अण्डर दि जूरिस्डिक्शन ऑफ एसएसई/वर्कस/बयाना (दो साल के लिए)., **अनुमानित लागत :** 1031205.77, **बयाना राशि:** 20600.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 20.04.2026 को 15.30 घंटे पर. पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई. निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे कोटा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा 'शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। (हस्ता.)

वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय) पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# 'कांच की हरी चूड़ियां व सिंदूर मां केलादेवी के सुहाग का प्रतीक'

**कैलादेवी/करौली,** (निसं)। राजराजेश्वरी मां कैलादेवी जी के दर्शनों के लिए राजस्थान ही नहीं मध्य प्रदेश गुजरात उत्तर प्रदेश दिल्ली हरियाणा आदि प्रदेशों से अधिकांश श्रद्धालु परिवार सहित मां कैला देवी जी के दर्शन लाभ लेने आते हैं और कांच की हरी चूड़ी और सिंदूर को मां कैलादेवी जी का सुहाग का प्रतीक मानते हुए महिलाएं कांच की हरी चूड़ी और मांग भरने का सिंदूर भोग प्रसाद के रूप में चढ़ाते हैं और उसके बाद हर महिला कैला देवी जी मेले में से कांच की हरी चूड़ी आवश्यक पहनती है और मां का सिंदूर लेती है ऐसी मान्यता है

मां कैलादेवी जी का चैत्र नवरात्रा लख्खी मेला का 16 मार्च से शुरू होकर 1 अप्रैल पूर्णिमा के अवसर पर समापन होने के बाद भी श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शनों के लिए उमड़ रही है वैसे तो समापन के दिन तक करीब 45 लाख श्रद्धालु दर्शन लाभ ले चुके और मेला समापन के बाद भी श्रद्धालुओं की मां कैला देवी जी के दर्शनों के लिए भीड़ लगातार उमड़ रही है देखने लायक यह है कि मां कैलादेवी जी की आस्था में श्रद्धालुओं का इतना विश्वास है की श्रद्धालु सैकड़ो किलोमीटरो से नंगे पैर पदयात्रा पर आते हैं और मां के दर्शन लाभ लेते हैं।

लेकिन खास बात यह अच्छी देखते हैं की हर श्रद्धालु महिला मां के भोग प्रसाद मैं कांच की हरी चूड़ी और मांग भरने का सिंदूर अवश्य चढ़ाती हैं और उसके बाद स्वयं महिला श्रद्धालु कांच की हरी चूड़ियां पहनती हैं और मां का सिंदूर अवश्य खरीदती है कांच की हरी चूड़ियां और मांग भरने के सिंदूर के मामले में महिला श्रद्धालुओं से हुई चर्चा में बताया कि कांच की हरी चूड़ियां और सिंदूर मां केला देवी जी के सुहाग का प्रतीक बताते हुए कहा कि इसी मान्यता को लेकर मां के भोग प्रसाद में कांच की हरी चूड़ी और मांग भरने का सिंदूर अवश्य चढ़ाया जाता है महिला श्रद्धालुओं का यह भी कहना है की केला देवी जी मेले में जो कांच की हरी चूड़ियां दुकानदार बेचते हैं उसे चूड़ी में जॉइंट नहीं होता है इसी मान्यता को लेकर केला देवी जी मेले में कांच की हरी चूड़ियां और मांग भरने का सिंदूर अधिकांश दुकानों पर दुकानदार बेचता है।



मेले में हरी चूड़ियों की खरीददारी करती महिलाएं।

## शिवचरण जाटव बने महामंत्री

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। जिला जाटव सुधार समिति (360 गांव) करौली-दौसा-सवाई माधोपुर के महामंत्री पद पर शिवचरण जाटव को नियुक्त किया गया है। यह घोषणा समिति के अध्यक्ष हट्टीराम ने की। इस नियुक्ति का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाना बताया गया है। समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस निर्णय का सर्वसम्मति से स्वागत किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष हट्टीराम ने बताया कि शिवचरण जाटव के सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त महामंत्री शिवचरण जाटव ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने, समाज में शिक्षा, एकता और जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ 360 गांवों में संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 10 मई 2026 को हिंडौन सिटी में आयोजित किया जाएगा। इसमें सभी पदाधिकारी और सदस्य शामिल होंगे।

# भरतपुर में हनुमान जन्मोत्सव पर बही भक्ति की धारा

**भरतपुर,** (निसं)। श्री रामलीला समिति द्वारा, दाल बाजार स्थित मंदिर श्री लक्ष्मण जी, संतोषी जी में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर एवं मूर्तियों को पुष्पों से सजाकर हनुमान चालीसा का पाठ, भजन गायन, काव्य एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक ने की व संचालन रेणुदीप गौड द्वारा किया गया। उत्सव का प्रारम्भ ब्रजेश गोंसाई के भजन, गायन एवं आचार्य हरिओम गौतम के द्वारा श्रीमद् भागवत व श्री रामचरितमानस के श्लोकों से भगवान की स्तुति के साथ हुआ। उत्सव में उपस्थित सभी कविगणों ने हनुमानजी के भव्य एवं दिव्य जीवन पर अपनी वाणी से प्रकाश डाला।

अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक ने हनुमानजी को अतुलित बल व सर्वगुणों के धाम के साथ राम कथा सुनने का परम अनुरागी बतलाया। उन्होंने कहा कि रामकथा सुनने को हनुमानजी सब जगह पहुॅचते हैं, हनुमानजी रामकथा सुनने के अत्यधिक प्रेमी होने के कारण एवं रामभक्तों का उद्धार के लिये उन्होंने साकेत धाम को भी जाना पसंद नहीं किया था। डॉ. रामदास शर्मा ने सुन्दरकाण्ड के तीसरे श्लोक "अतुलित बलधामम् हेम शैलाभिदेहम....... नमामि" में वर्णित हनुमानजी की आठों विशेषताओं को विस्तृत रूप से बतलाया। समाजसेवी धर्मेन्द्र शर्मा ने हनुमानजी की तरह हमें भी भगवान का विश्वासपात्र होने का उदबोदन दिया। आचार्य हरिओम गौतम व कवि लोकेन्द्र सुमन द्वारा अपने उदबोधन एवं कविता से जैसे वृद्ध जामवंत से हनुमानजी ने शिक्षा लेकर लंका गये थे उसी प्रकार युवकों को भी वृद्धों को महत्व देना चाहिये। डॉ. अनिरूद्ध शर्मा द्वारा अपने उदबोदन में कहा कि परमात्मा दुष्ट आत्माओं का नाश करने के लिए कोई न कोई शक्ति भेजते हैं जिनमें हनुमानजी भी हैं। ओमप्रकाश गुप्ता ने केवल हनुमानजी को ही भगवान राम का परमप्रिय होने का सौभाग्य मिलने का उदबोधन दिया। गोविन्द सिंह डागुर ने अपनी कविता "यदि आज्ञा अकिंचन को, प्रभू राम की हो गई होती, शपथ है मात ये लंका जलधि में खो गई होती" पाठ कर हनुमानजी को अत्यन्त बलशाली व आज्ञाकारी होना बतलाया। कवियत्री प्रियंका पुरोहित ने कविता "राम नाम का सुमरन करले हनुमत दर्शन पायेगा" का कविता पाठ किया। इसके अतिरिक्त कवि प्रो0अशोक गुप्ता, बाल कवि कृष्णा, नरेन्द्र निर्मल, कृष्ण कन्हैया शर्मा, मनमोहन अभिलाषी, कृष्ण कुमार किस्सू, सुघड सिंह सुग्गा, महेश ाचन्द्रभान फौजदार, डॉ. सुरेश चतुर्वेदी, राकेश राजस्थानी, सुरेशचंद शर्मा, जमुना प्रसाद शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, के.के. गूप्ता, गौरीशंकर पांडे आदि भी उपस्थित रहे।



हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान चालीसा का पाठ, भजन गायन, काव्य एवं विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।


## कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति मासलपुर जिला करौली

क्रमांक: पंसमा./लेखा/निविदा/2026-27/11-20 दिनांक:- 2.04.2026

**निविदा सूचना संख्या 1-5/2026-27**

पंचायत समिति मासलपुर में विभिन्न योजनाओं/शाखाओं में विभिन्न कार्यों व्यवस्थाओं हेतु दर अनुंबध करने/सामग्री क्रय करने/बोलेरो टैक्सी परमिट वाहन की अनुज्ञा देने के लिए अनुभवी फर्मों/प्रतिष्ठिता संस्थाओं/इच्छुक व्यक्तियोयं से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता निर्धारित राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट में जमा कराकर पंचायत समिति से निविदा प्रपत्र एवं निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्त प्राप्त कर सकते है। निविदाओं का विवरण निम्न प्रकार है।

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानत राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बेलेरो टैक्सी परमिट वाहन किराये पर वाहन उपलब्ध कराना | 3.50 | 7000 | 200 |
| 2 | फोटो स्टेट कार्य आवश्यकतानुसार (दर निर्धारिण) | 1.00 | 2000 | 200 |
| 3 | प्रशिक्षणों एवं बैठकों में चाय नाश्ता एवं भोजन व्यवस्था आवश्यकतानुसार | 3.50 | 7000 | 200 |
| 4 | मृतक पशु हड्डी संकलन ठेका वर्ष 2025-2026 | आरक्षित राशि 72365 रू. | 7237 | 200 |
| 5 | मिटिंग/शिविरों में टैन्ट, कुर्सी, माईक, जनरेअर, आरओ वाटर (कैम्पर) आदि व्यवस्था | 2.00 | 4000 | 200 |

उक्त सभी निविदाओं को बेचने प्राप्त करने एवं खोलने आदि का कार्यक्रम निम्नानुसार होगा।

निविदा जारी होने की दिनांक 02.04.2026 को 11.00 एएम से 10.04.2026 को 11.00 ए.एम. तक बेची जाएगी।

निविदा प्राप्त करने की दिनांक व समय :- दिनांक 10.04.2026 प्रात: 12 बजे तक

निविदा खोलने की दिनांक व समय :- दिनांक 10.04.2026 दोपहर पश्चात् 2 बजे से

सामग्री की मात्रा एवं कार्य का विवरण निविदा प्रपत्रों में अंकित है। कार्य/सामग्री की मात्रा में आवश्यकतानुसार कमी या बढ़ोतरी की जा सकती है। निविदा शर्तें एवं निविदा प्रपत्र कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क नगद/डिमाण्ड विकास अधिकारी पंचाचयत समिति मासलपुर के पक्ष में देय हो जमा कराकर प्र्राप्त किया जा सकता है। निविदाए उक्त निर्धारित दिनांक एवं समय पर जमा कराई जा सकती है। निविदा का प्रकाशन sppp.raj.gov.in पर किया गया है। निर्धारित प्रारूप में दर प्रस्तुत न करने पर एवं अस्पष्ट होने पर एवं अपूर्ण निविदराओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदाएं बिना कारण बताए निरस्त की जा सकती है।

UBN No. ZKR2627SSRC00005
NIB CODE- ZKR2627A0006
ZKR2627RFP0001

(मोहनलाल शर्मा, RRDS)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति मासलपुर